Series &RQPS/S

**SET-4**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **337/S**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **24** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **23** printed pages.
- Please check that this question paper contains **24** questions.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# स्वास्थ्य देखभाल

# HEALTH CARE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 60*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 60*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* *कृपया निर्देशों को ध्यान से पढ़िए।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्डों में **24 प्रश्न** हैं : **खण्ड क** और **खण्ड ख**।*

*(iii)* ***खण्ड क** में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं जबकि **खण्ड ख** में विषयपरक प्रकार के प्रश्न हैं।*

*(iv)* *दिए गए (6 +18) = 24 प्रश्नों में से, उम्मीदवार को 3 घंटे के आबंटित (अधिकतम) समय में (6 + 11) = 17 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।*

*(v)* *किसी विशेष खण्ड के सभी प्रश्नों को सही क्रम में करने का प्रयास किया जाना चाहिए।*

*(vi)* ***खण्ड क** : वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न (30 अंक) :*

(a) *इस खण्ड में **6** प्रश्न हैं।*

*(b)* *कोई नकारात्मक अंकन नहीं है।*

*(c)* *दिए गए निर्देशों के अनुसार कीजिए।*

*(d)* *प्रत्येक प्रश्न / भाग के सामने आबंटित अंकों का उल्लेख किया गया है।*

*(vii)* ***खण्ड ख** : विषयपरक प्रकार के प्रश्न (30 अंक) :*

*(a)* *इस खण्ड में **18** प्रश्न हैं।*

*(b)* *उम्मीदवार को **11** प्रश्न करने हैं।*

*(c)* *दिए गए निर्देशों के अनुसार कीजिए।*

*(d)* *प्रत्येक प्रश्न। भाग के सामने आबंटित अंकों का उल्लेख किया गया है।*

## खण्ड क

**(वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न)** **(30 अंक)**

**1.** रोज़गार कौशल पर दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***4*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। *4×1=4*

(i) निम्नलिखित में से कौन-सा सक्रिय श्रवण का चरण ***नहीं*** है ?

(A) प्राप्त करना  (B) समझना

(C) याद रखना  (D) उत्तर न देना

(ii) ____________, प्रेरणा और अभिप्रेरणा के स्त्रोत हैं।

(A) संगीत और किताबें  (B) स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना

(C) एक कैलेंडर बनाना  (D) एक स्प्रैडशीट बनाना

***General Instructions :***

*(i)* *Please read the instructions carefully.*

*(ii)* *This question paper consists of* ***24*** *questions in* ***two*** *Sections :* ***Section A*** *and* ***Section B****.*

*(iii)* ***Section A*** *has Objective type questions, whereas* ***Section B*** *contains Subjective type questions.*

*(iv)* *Out of the given (6 + 18) = 24 questions, a candidate has to answer (6 + 11) = 17 questions in the allotted (maximum) time of 3 hours.*

*(v)* *All questions of a particular section must be attempted in the correct order.*

*(vi)* ***Section A*** *: Objective Type Questions (30 marks) :*

- *(a)* *This section has* ***6*** *questions.*
- *(b)* *There is no negative marking.*
- *(c)* *Do as per the instructions given.*
- *(d)* *Marks allotted are mentioned against each question/part.*

*(vii)* ***Section B*** *: Subjective Type Questions (30 marks) :*

- *(a)* *This section has* ***18*** *questions.*
- *(b)* *A candidate has to do* ***11*** *questions.*
- *(c)* *Do as per the instructions given.*
- *(d)* *Marks allotted are mentioned against each question/part.*

## SECTION A

**(Objective Type Questions)** **(30 Marks)**

**1.** Answer any ***4*** out of the given ***6*** questions on employability skills. *4×1=4*

(i) Which one of the following is ***not*** the stage of active listening ?

(A) Receiving (B) Understanding

(C) Remembering (D) Non-responding

(ii) ________ is/are the sources of motivation and inspiration.

(A) Music and books (B) Setting clear goals

(C) Making a calendar (D) Creating a spreadsheet

(iii) एक प्लास्टिक फैक्ट्री में बहुत सारी वस्तुएँ बनाई जा रही हैं। प्रबंधक को कई दोषपूर्ण टुकड़े मिले, जिन्हें त्यागना पड़ा। वह इस बर्बादी को कैसे कम कर सकता है ?

(A) इसे स्क्रैप डीलर को दे दें

(B) इसे लैंडफिल साइट पर डंप करें

(C) इसे नए उत्पादों में पुन:शामिल करें

(D) इसे बाज़ार में बेचें

(iv) टेक्स्ट को तिरछा बनाने के लिए आप कुंजियों के किस संयोजन का उपयोग करते हैं ?

(A) Ctrl + B (B) Ctrl + V

(C) Ctrl + I (D) Ctrl + Z

(v) निम्नलिखित में से कौन-सा प्रेरणा एवं अभिप्रेरणा का स्त्रोत ***नहीं*** है ?

(A) निराशावाद (B) बड़े सपने देखना

(C) संगीत (D) किताबें

(vi) ________ एक व्यवसाय शुरू करते हैं, उसका पालन-पोषण करते हैं और उसे आत्मनिर्भरता के मुकाम तक पहुँचाते हैं।

(A) व्यवसायिक उद्यमी (B) पेशेवर उद्यमी

(C) औद्योगिक उद्यमी (D) तकनीकी उद्यमी

**2.** दिए गए *7* प्रश्नों में से किन्हीं ***5*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। *5×1=5*

(i) रोगी के रिकॉर्ड में प्रत्येक प्रविष्टि के बाद ___________ होना/होनी चाहिए।

(A) हस्ताक्षर (B) रिक्त स्थान

(C) नाम (D) तारीख

(ii) अपशिष्ट जिनमें समाप्त हो चुकी, अप्रयुक्त दूषित दवाएँ और टीके शामिल हैं, उनको ________ कहते हैं।

(A) संक्रामक अपशिष्ट (B) पैथोलॉजिकल अपशिष्ट

(C) फार्मास्युटिकल अपशिष्ट (D) साइटोटॉक्सिक अपशिष्ट

(iii) ____________ शारीरिक क्षति और बीमारी का कारण बनता है। यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को भी नुकसान पहुँचाता है। यह मानसिक और सामाजिक समस्याओं का कारण बनता है।

(A) प्रेरणा (B) तनाव

(C) प्रबंधन (D) कौशल

(iv) आपदा प्रबंधन के किस चरण में किसी आपदा से निपटने के लिए योजना बनाना शामिल है ?

(A) शमन (B) तैयारी

(C) प्रतिक्रिया (D) पुनर्प्राप्ति

(iii) In a plastic factory, a lot of articles are being made. The manager finds a number of defective pieces, which have to be discarded. How can he/she minimize the waste ?

(A) Give it to a scrap dealer
(B) Dump it in a landfill site
(C) Reincorporate it in new products
(D) Sell it in the market

(iv) Which combinations of keys do you use to make text slanting ?

(A) Ctrl + B (B) Ctrl + V
(C) Ctrl + I (D) Ctrl + Z

(v) Which one of the following is ***not*** a source of inspiration and motivation ?

(A) Pessimism (B) Dreaming big
(C) Music (D) Books

(vi) ___________ start a business, nurture it and make it reach a point of self-sustenance.

(A) Business Entrepreneurs (B) Professional Entrepreneurs
(C) Industrial Entrepreneurs (D) Technical Entrepreneurs

**2.** Answer any **5** out of the given *7* questions. *5×1=5*

(i) A ___________ must follow every entry into patient's record.

(A) Signature (B) Blank space
(C) Name (D) Date

(ii) Waste that contains expired, unused, contaminated drugs and vaccines are ___________ .

(A) Infectious waste (B) Pathological waste
(C) Pharmaceutical waste (D) Cytotoxic waste

(iii) ___________ leads to physical damage and illness. It also hurts our quality of life. It causes mental and social problems.

(A) Motivation (B) Stress
(C) Management (D) Skill

(iv) Which phase of disaster management involves planning to respond to a disaster ?

(A) Mitigation (B) Preparedness
(C) Response (D) Recovery

(v) ओटी के इस क्षेत्र में तापमान 18 से 22 डिग्री सेल्सियस, आर्द्रता 40% से 50% के बीच बनाए रखा जाता है। स्टेराइल पर्दे, स्पंज, दस्ताने, गाउन और उपयोग के लिए तैयार अन्य वस्तुएँ इस इकाई में संग्रहित की जाती हैं। यह कौन-सा क्षेत्र है ?

(A) थिएटर स्टेराइल सप्लाई यूनिट (टीएसएसयू)

(B) कर्मचारियों के लिए स्वच्छता सुविधा

(C) पोस्ट एनेस्थेटिक देखभाल इकाई

(D) रोगी के लिए होल्डिंग क्षेत्र

(vi) वे प्रीऑपरेटिव देखभाल क्या हैं जिनका सर्जरी से पहले ध्यान रखा जा सकता है ?

i. मरीज को जो दवाएँ मिल रही हैं, उन पर ध्यान देना चाहिए।

ii. पर्याप्त एवं हल्का भोजन दिया जाता है।

iii. यदि रोगी का हीमोग्लोबिन कम है, तो इसे रक्त आधान सहित उचित चिकित्सा के प्रशासन द्वारा बनाया जाता है।

iv. रोगी को विभिन्न जाँचों से गुजरने के लिए मानसिक रूप से तैयार किया जाता है।

(A) केवल i, ii और iii
(B) केवल ii, iii और iv
(C) केवल i, iii और iv
(D) i, ii, iii और iv

(vii) निम्नलिखित का मिलान कीजिए (कॉलम A के साथ कॉलम B) :

| *कॉलम A* | *कॉलम B* |
|---|---|
| 1. शिशु | (i) 3 से 5 वर्ष |
| 2. बच्चा | (ii) 12 से 18 वर्ष |
| 3. पूर्वस्कूली बच्चा | (iii) जन्म से 1 वर्ष तक |
| 4. किशोर | (iv) 5 से 12 वर्ष |
| | (v) 1 से 3 वर्ष |

(A) 1-(iii), 2-(v), 3-(iv), 4-(i)
(B) 1-(ii), 2-(iii), 3-(i), 4-(iv)
(C) 1-(iii), 2-(v), 3-(i), 4-(ii)
(D) 1-(iv), 2-(iii), 3-(ii), 4-(v)

(v) In this area of OT, temperature between 18° to 22° C, humidity of 40% to 50% are maintained. Sterile drapes, sponges, gloves, gowns and other ready to use items, are stored in this unit. Which area is this ?

(A) Theatre Sterile Supply Unit (TSSU)

(B) Sanitary facility for staff

(C) Post-anaesthetic care unit

(D) Holding area for patient

(vi) What are the preoperative cares that can be taken care of before surgery ?

i. The drugs that the patient is receiving should be noted.

ii. Adequate and light food is given.

iii. If the patient's hemoglobin is low, it is built up by the administration of appropriate therapy, including blood transfusion.

iv. Patient is prepared mentally for various investigations he/she has to undergo.

(A) i, ii, and iii only (B) ii, iii and iv only

(C) i, iii and iv only (D) i, ii, iii and iv

(vii) Match the following (Column A with Column B) :

| | *Column A* | | *Column B* |
|---|---|---|---|
| 1. | Infant | (i) | 3 to 5 years |
| 2. | Toddler | (ii) | 12 to 18 years |
| 3. | Preschool Child | (iii) | Birth to 1 year |
| 4. | Adolescent | (iv) | 5 to 12 years |
| | | (v) | 1 to 3 years |

(A) 1-(iii), 2-(v), 3-(iv), 4-(i)

(B) 1-(ii), 2-(iii), 3-(i), 4-(iv)

(C) 1-(iii), 2-(v), 3-(i), 4-(ii)

(D) 1-(iv), 2-(iii), 3-(ii), 4-(v)

**3.** दिए गए *7* प्रश्नों में से किन्हीं ***6*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। *6×1=6*

(i) किस कचरे को पहले उपचारित करके गैर-खतरनाक कचरे में परिवर्तित किया जा सकता है और फिर आम कचरे की तरह निपटाया जा सकता है ?

(A) माइक्रोबायोलॉजिकल और बायोटेक्नोलॉजिकल अपशिष्ट

(B) फार्मास्युटिकल अपशिष्ट

(C) संक्रामक ठोस अपशिष्ट

(D) रासायनिक अपशिष्ट

(ii) एक लक्ष्य को छोटे और अधिक प्रबंधनीय चरणों में तोड़ा जा सकता है। तब लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक समय-सीमा देना संभव हो जाता है। इसका मतलब है कि लक्ष्य __________ होना चाहिए।

(A) यथार्थवादी (B) कार्रवाई-आधारित

(C) समय-सीमित (D) सरल

(iii) बुजुर्ग लोगों में, जब हृदय संबंधी परिवर्तन होते हैं, तो नाड़ी :

(A) तेज होगी (B) धीमी होगी

(C) दोनों हो सकती है (D) नहीं होगी

(iv) कुछ रोगियों को पुनर्प्राप्ति स्थिति में रखा जाता है, जो निम्नलिखित को रोककर उनके वायुमार्ग को बनाए रखता है :

i. जीभ का पीछे की ओर गिरना

ii. स्त्राव का चूषण

iii. उद्गलित पेट की सामग्री का चूषण

(A) या तो i या ii (B) या तो i या iii

(C) या तो ii या iii (D) i, ii और iii

(v) रोगी के लामा LAMA को LAMA के कारण के साथ स्पष्ट रूप से प्रलेखित किया जाना चाहिए। LAMA से आप क्या समझते हैं ?

(A) चिकित्सीय सलाह के विरुद्ध छोड़ना (छुट्टी)

(B) कानूनी एनेस्थीसिया चिकित्सा सलाह

(C) दीर्घकालिक मूल्यांकन चिकित्सा सलाह

(D) कानूनी मूल्यांकन चिकित्सा सलाह

**3.** Answer any ***6*** out of the given ***7*** questions. *6×1=6*

(i) Which waste can be managed by first being treated and converted to non-hazardous waste and then disposed of as general waste ?

(A) Microbiological and Biotechnological waste

(B) Pharmaceutical waste

(C) Infectious solid waste

(D) Chemical waste

(ii) A goal can be broken into smaller and more manageable steps. Then it becomes possible to give a timeframe for achieving the goal. That means the goal should be ____________.

(A) Realistic (B) Action-based

(C) Time-limited (D) Simple

(iii) In elderly people, when cardiovascular changes happen, pulse :

(A) is higher (B) is lower

(C) can be both (D) will not be there

(iv) Some patients are kept in recovery position which maintains the airways by preventing the following :

i. Tongue falling back

ii. Aspiration of secretion

iii. Aspiration of regurgitated stomach contents

(A) Either i or ii (B) Either i or iii

(C) Either ii or iii (D) i, ii and iii

(v) Patient's LAMA must be documented clearly, with the reason for LAMA. What do you mean by LAMA ?

(A) Leave Against Medical Advice

(B) Legal Anaesthesia Medical Advice

(C) Long Assessment Medical Advice

(D) Legal Assessment Medical Advice

(vi) इसमें किसी आपदा से पहले, उसके दौरान और बाद में जीवन और संपत्ति के नुकसान को रोकने, कम करने और रिकवरी में तेजी लाने के लिए हस्तक्षेप की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है :

(A) लागत प्रबंधन
(B) मैत्री प्रबंधन
(C) आपदा प्रबंधन
(D) संबंध प्रबंधन

(vii) निम्नलिखित का मिलान कीजिए (कॉलम A के साथ कॉलम B) :

| *कॉलम A* *(कारण)* | | *कॉलम B* *(सुधार के उपाय)* |
|---|---|---|
| 1. दर्द | (i) | चारों ओर स्क्रीन लगाएँ |
| 2. लेटने की स्थिति | (ii) | एनाल्जेसिक दवाएँ |
| 3. गोपनीयता का अभाव | (iii) | पेट के निचले हिस्से पर गर्म पानी की थैली लगाना |
| 4. मूत्राशय की गर्दन में ऐंठन | (iv) | रोगी को सहारा देकर बैठाएँ |

(A) 1-(iv), 2-(i), 3-(ii), 4-(iii)
(B) 1-(ii), 2-(iv), 3-(i), 4-(iii)
(C) 1-(i), 2-(iv), 3-(ii), 4-(iii)
(D) 1-(iii), 2-(iv), 3-(i), 4-(ii)

**4.** दिए गए ***6*** प्रश्नों में किन्हीं ***5*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। *5×1=5*

(i) कई बड़े वयस्क लंबी और विस्तृत जानकारी को समझने में सक्षम नहीं होते हैं और छोटे निर्देशों के साथ बेहतर कर सकते हैं। बुजुर्ग लोगों में यह किस तरह की समस्या है ?

(A) कम ध्यान अवधि
(B) कम सीखने की क्षमता
(C) समझने की क्षमता कम होना
(D) संवाद करने में असमर्थता

(ii) _________किसी परिवर्तन के प्रति एक प्रतिक्रिया है जो हमारे संतुलन को बिगाड़ देती है। यह हमारे जीवन में होने वाले शारीरिक या मानसिक परिवर्तनों की प्रतिक्रिया है।

(A) प्रेरणा
(B) तनाव
(C) प्रबंधन
(D) कौशल

(vi) What covers a broad range of interventions before, during and after a disaster to prevent, minimize the loss of life and property, and to accelerate recovery ?

(A) Cost management (B) Friendship management

(C) Disaster management (D) Relationship management

(vii) Match the following (Column A with Column B) :

| | *Column A* *(Cause)* | | *Column B* *(Measure for corrections)* |
|---|---|---|---|
| 1. | Pain | (i) | Put screens around |
| 2. | Lying down position | (ii) | Analgesic drugs |
| 3. | Lack of Privacy | (iii) | Application of hot water bag to lower abdomen |
| 4. | Spasm in bladder neck | (iv) | Make the patient sit up with support |

(A) 1-(iv), 2-(i), 3-(ii), 4-(iii)

(B) 1-(ii), 2-(iv), 3-(i), 4-(iii)

(C) 1-(i), 2-(iv), 3-(ii), 4-(iii)

(D) 1-(iii), 2-(iv), 3-(i), 4-(ii)

**4.** Answer any ***5*** out of the given ***6*** questions. *5×1=5*

(i) Many older adults may not be able to understand long and detailed information and may do better with short instructions. Which kind of problem is this in elderly people ?

(A) A short attention span (B) Less learning ability

(C) Less ability to understand (D) Inability to communicate

(ii) ___________ is a reaction to some change that upsets our balance. It is a reaction to physical or mental changes in our life.

(A) Motivation (B) Stress

(C) Management (D) Skill

(iii) अस्पताल के बायोमेडिकल अपशिष्ट के निस्तारण की जिम्मेदारी जीडीए की है जैसे – रेडियोधर्मी नैदानिक सामग्री या रेडियोथेराप्यूटिक सामग्री सहित रेडियोन्यूक्लाइड द्वारा दूषित उत्पाद; गैर-खतरनाक या सामान्य अपशिष्ट : वह अपशिष्ट जो कोई विशेष जैविक, रासायनिक, रेडियोधर्मी या भौतिक खतरा पैदा नहीं करता है। उस अपशिष्ट पदार्थ की पहचान कीजिए जिसे GDA ने निम्नलिखित में से वर्गीकृत किया है :

(A) रेडियोधर्मी कचरा

(B) संक्रामक कचरा

(C) फार्मास्युटिकल अपशिष्ट

(D) रासायनिक अपशिष्ट

(iv) यदि रोगी अपने आप सांस लेने में असमर्थ है, तो उसे _________ का उपयोग करके एंडोट्रैकियल इंटुबेशन या ट्रेकियोस्टोमी और वेंटिलेशन की आवश्यकता हो सकती है।

(A) ब्रोन्कोडायलेटर (B) मैकेनिकल वेंटिलेटर

(C) ब्रोन्कोकन्स्ट्रिक्टर (D) इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम

(v) चार्टिंग की यह विधि बयानों के रूप में जानकारी प्रदान करती है जो रोगी की देखभाल के आसपास की घटना का वर्णन करती है। यह दस्तावेज़ीकरण की मुक्त शैली पद्धति है। ये कौन-सी विधि है ?

(A) नैरेटिव चार्टिंग (B) समस्या-केंद्रित चार्टिंग

(C) वर्णनात्मक चार्टिंग (D) प्वाइंट चार्टिंग

(vi) यह टीम पीड़ितों की खोज करती है और उन्हें बचाने की व्यवस्था करती है, जैसा कि परिस्थितियों में विवेकपूर्ण है और अग्नि शमन टीम की सहायता करती है। उस टीम की पहचान कीजिए, जो आपातकालीन स्थिति में मदद करती है।

(A) मेडिकल ट्रीटमेंट दल

(B) मेडिकल ट्राइएज दल

(C) खोज एवं बचाव दल

(D) अग्नि शमन दल

(iii) GDA is responsible to dispose of the biomedical wastes of the hospital like – products contaminated by radionuclides including radioactive diagnostic material or radiotherapeutic materials; non-hazardous or general waste : waste that does not pose any particular biological, chemical, radioactive or physical hazards. Identify the waste material that is categorized by the GDA among the following :

(A) Radioactive waste

(B) Infectious waste

(C) Pharmaceutical waste

(D) Chemical waste

(iv) If the patient is unable to breathe on his own, he may require endotracheal intubation or tracheostomy and ventilation using a/an ________.

(A) Bronchodilator (B) Mechanical ventilator

(C) Bronchoconstrictor (D) Electrocardiogram

(v) This method of charting provides information in the form of statements that describe an event surrounding the patient care. It is a free style method of documentation. Which method is this ?

(A) Narrative charting (B) Problem-focused charting

(C) Descriptive charting (D) Point charting

(vi) The team searches and provides for rescue of victims as is prudent under the conditions and assists the fire suppression team. Identify the team which helps in emergency situations.

(A) Medical Treatment Team

(B) Medical Triage Team

(C) Search and Rescue Team

(D) Fire Suppression Team

**5.** दिए गए *6* प्रश्नों में किन्हीं *5* प्रश्नों के उत्तर दीजिए। *5×1=5*

(i) जतिन एक ऐसी टीम के हिस्से के रूप में काम कर रहा है, जो निर्दिष्ट कार्य क्षेत्र में छोटी आग को दबाती है और खोज और बचाव टीम या ट्राइएज टीम की सहायता करती है। उस टीम की पहचान कीजिए, जो आपातकालीन स्थितियों में मदद करती है।

(A) मेडिकल ट्रीटमेंट टीम

(B) मेडिकल ट्राइएज टीम

(C) खोज एवं बचाव दल

(D) अग्नि शमन दल

(ii) एक लक्ष्य _________होना चाहिए, जिसका अर्थ है प्रबंधनीय और प्राप्त करने योग्य। यदि आपका लक्ष्य अवास्तविक है तो आपकी प्रेरणा कम हो सकती है और आप स्वयं को असफलता के लिए तैयार कर लेंगे।

(A) यथार्थवादी (B) कार्रवाई-आधारित

(C) मापने योग्य (D) सरल

(iii) बुज़ुर्ग लोगों को सामान्य स्थिति में भी सर्दी हो सकती है क्योंकि उनमें ____________कम होता है।

(A) उपकला ऊतक (B) वसा ऊतक

(C) मांसपेशी ऊतक (D) तंत्रिका ऊतक

(iv) वे घटनास्थल पर पाए गए पीड़ितों के लिए सरल ट्राइएज और रैपिड ट्रीटमेंट (START) ट्राइएज प्रदान करते हैं; मानक संचालन प्रक्रियाओं के अनुसार चोट की श्रेणी वाले पीड़ितों को चिन्हित करते हैं और यदि आवश्यक हो तो अग्नि शमन दल या बचाव दल की सहायता करते हैं। उस टीम की पहचान करें, जो आपातकालीन स्थिति में मदद करती है।

(A) खोज एवं बचाव दल

(B) अग्नि शमन दल

(C) मेडिकल ट्रीटमेंट टीम

(D) मेडिकल ट्राइएज टीम

**5.** Answer any ***5*** out of the given ***6*** questions. *5×1=5*

(i) Jatin is working as a part of a team that suppresses small fires in designated work areas and assists the search and rescue team or triage team. Identify the team where Jatin is working, which helps in emergency situations.

(A) Medical Treatment Team

(B) Medical Triage Team

(C) Search and Rescue Team

(D) Fire Suppression Team

(ii) A goal should be __________, which means manageable and achievable. Your motivation may drop if your goal is unrealistic and you set yourself up for failure.

(A) Realistic (B) Action-based

(C) Measurable (D) Simple

(iii) Elderly people may get cold in normal conditions also as they have less __________.

(A) Epithelial tissues (B) Fat tissues

(C) Muscle tissues (D) Neural tissues

(iv) They provide Simple Triage and Rapid Treatment (START) triage for victims found at the scene; marking victims with category of injury as per the standard operating procedures and assist the Fire Suppression Team or Rescue Team, if needed. Identify the team, which helps in emergency situations.

(A) Search and Rescue Team

(B) Fire Suppression Team

(C) Medical Treatment Team

(D) Medical Triage Team

(v) निम्नलिखित में से कौन-सा परीक्षण प्रयोगशाला में किया जा सकता है ?

(i) लीवर फंक्शन टेस्ट

(ii) लिपिड प्रोफाइल टेस्ट

(iii) हीमोग्लोबिन गिनती

(iv) चुंबकीय अनुनाद इमेजिंग (MRI)

(v) एक्स-रे

(A) केवल i, ii और iii (B) केवल ii, iii और iv

(C) केवल iii, iv और v (D) केवल i, iv और v

(vi) निम्नलिखित श्रेणियों को अपशिष्ट के प्रकारों से सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | मानव शारीरिक अपशिष्ट | (i) | नीला |
| 2. | पुनर्चक्रण योग्य दूषित अपशिष्ट | (ii) | सफ़ेद |
| 3. | काँच के बर्तन और धातु शरीर प्रत्यारोपण | (iii) | पीला |
| 4. | धातुओं सहित तीव्र अपशिष्ट | (iv) | लाल |

(A) 1-(iii), 2-(iv), 3-(i), 4-(ii)

(B) 1-(iv), 2-(iii), 3-(i), 4-(ii)

(C) 1-(iii), 2-(i), 3-(iv), 4-(ii)

(D) 1-(ii), 2-(iii), 3-(iv), 4-(i)

**6.** दिए गए *6* प्रश्नों में किन्हीं *5* प्रश्नों के उत्तर दीजिए। *5×1=5*

(i) दूषित अपशिष्ट के निपटान के लिए किस श्रेणी का उपयोग करना चाहिए ?

(A) लाल (B) पीला

(C) सफ़ेद (D) नीला

(ii) ____________ कभी दूर नहीं जाएगा लेकिन हम इस पर अपनी प्रतिक्रिया देने के तरीके को बदल सकते हैं। इससे पहले कि यह हमें प्रबंधित करे और हमें बीमार और दुखी बनाए, हमें सीखना चाहिए कि इसे कैसे प्रबंधित किया जाए।

(A) प्रेरणा (B) तनाव

(C) प्रबंधन (D) कौशल

(v) Which of the following tests can be performed in laboratory ?

i. Liver Function Test

ii. Lipid Profile Test

iii. Haemoglobin Count

iv. MRI

v. X-Ray

(A) i, ii and iii only (B) ii, iii and iv only

(C) iii, iv and v only (D) i, iv and v only

(vi) Match the following categories with the types of wastes :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Human anatomical waste | (i) | Blue |
| 2. | Recyclable contaminated waste | (ii) | White |
| 3. | Glassware and metallic body implants | (iii) | Yellow |
| 4. | Sharp waste including metals | (iv) | Red |

(A) 1-(iii), 2-(iv), 3-(i), 4-(ii)

(B) 1-(iv), 2-(iii), 3-(i), 4-(ii)

(C) 1-(iii), 2-(i), 3-(iv), 4-(ii)

(D) 1-(ii), 2-(iii), 3-(iv), 4-(i)

**6.** Answer any ***5*** out of the given ***6*** questions. *5×1=5*

(i) For disposal of contaminated waste, which category should be used ?

(A) Red (B) Yellow

(C) White (D) Blue

(ii) ___________ will never go away but we can change how we respond to it. We must learn how to manage it before it manages us and makes us sick and unhappy.

(A) Motivation (B) Stress

(C) Management (D) Skill

(iii) प्री-टीन/टीन के लिए तापमान की सामान्य सीमा क्या है ?

(A) 98·4°F से 101·6°F

(B) 92·4°F से 96·6°F

(C) 97·4°F से 99·6°F

(D) 99·4°F से 103·6°F

(iv) इसमें किसी आपदा से उत्पन्न खतरों को कम करने के प्रयास शामिल हैं । इसमें खोज एवं बचाव और आपातकालीन राहत शामिल है। इसका उद्देश्य जीवन को बनाए रखने, स्वास्थ्य में सुधार और प्रभावित आबादी के मनोबल को समर्थन देने के लिए तत्काल सहायता प्रदान करना है। आपदा प्रबंधन के चरण को पहचानिए।

(A) तैयारी (B) शमन

(C) प्रतिक्रिया (D) पुनर्प्राप्ति

(v) चिकित्सा दस्तावेज़ीकरण निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए महत्वपूर्ण है :

(i) स्वास्थ्य-नीतिगत निर्णयों के लिए आवेदन

(ii) मेडिको-कानूनी उद्देश्य

(iii) बेहतर और साक्ष्य-आधारित देखभाल

(iv) सटीक और तेज़ निदान

(A) केवल i, ii और iii (B) केवल ii और iii

(C) केवल iii और iv (D) i, ii, iii और iv

(vi) त्वचा संबंधी समस्याएँ बुज़ुर्ग लोगों में क्यों होती है ?

(A) चूँकि त्वचा पतली, शुष्क, पीली, नाज़ुक, खुरदरी, कम पसीने वाली ग्रंथियों के साथ कम लचीली हो जाती है।

(B) चूँकि वे लोग चल नहीं रहे हैं और लंबे समय तक एक ही स्थान पर बैठ रहे हैं।

(C) चूँकि उनकी रीढ़ की हड्डी छोटी होती जा रही है और लचीलापन और गतिशीलता कम होती जा रही है।

(D) चूँकि उनकी मांसपेशियाँ कमज़ोर हो जाती हैं।

(iii) What is the normal range of temperature for pre-teen/teen ?

(A) 98·4°F to 101·6°F

(B) 92·4°F to 96·6°F

(C) 97·4°F to 99·6°F

(D) 99·4°F to 103·6°F

(iv) This includes efforts to minimize the hazards created by a disaster. It includes search and rescue, and emergency relief. The aim of this is to provide immediate assistance to maintain life, improve health and support the morale of the affected population. Identify the phase of disaster management.

(A) Preparedness (B) Mitigation

(C) Response (D) Recovery

(v) Medical documentation is important for the following purposes :

i. Application for Health-Policy decisions.

ii. Medico-Legal purposes

iii. Better and evidence-based care

iv. Accurate and fast diagnosis

(A) Only i, ii and iii (B) Only ii and iii

(C) Only iii and iv (D) i, ii, iii and iv

(vi) Why do the elderly get skin problems ?

(A) Because the skin becomes thin, dry, pale, fragile, rough, less elastic with less sweat glands.

(B) Because they are not walking and sitting in one place for long periods of time.

(C) Because their spines are getting smaller and there is lesser flexibility and mobility.

(D) Because their muscles become weaker.

## खण्ड ख

**(विषयपरक प्रकार के प्रश्न)** **(30 अंक)**

*रोज़गार कौशल पर दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** प्रश्नों के उत्तर 20 – 30 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 20 – 30 शब्दों में दीजिए।* *3×2=6*

**7.** "जीवन में सफलता पाने के लिए सक्रिय श्रवण महत्त्वपूर्ण है।" कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए।

**8.** कोई व्यक्ति परिणामोन्मुखी कैसे बन सकता है ? कोई दो बिन्दु स्पष्ट कीजिए।

**9.** हरित नौकरियों के चार लाभ बताइए।

**10.** प्रस्तुतिकरण में चित्र सम्मिलित करने के चरणों को अनुक्रमित कीजिए।

**11.** एक उद्यमी बनने के लिए क्या करना पड़ता है ? कोई दो बिन्दु संक्षेप में बताइए।

*दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** प्रश्नों के उत्तर 20 – 30 शब्दों में दीजिए।* *3×2=6*

**12.** बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन में चिकित्सा अधीक्षक की भूमिका लिखिए।

**13.** मेडिकल ट्राइएज टीम के बारे में एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

**14.** चिकित्सा दस्तावेज़ीकरण के दौरान, रोगी के रिकॉर्ड में प्रत्येक प्रविष्टि के बाद हस्ताक्षर करने की सही विधि क्या है ?

**15.** आप खुद को प्रबंधित करते हुए अपने समय का बुद्धिमानी से कैसे उपयोग कर सकते हैं ?

**16.** ओटी कॉम्प्लेक्स के चार ज़ोन लिखिए।

दिए गए *3* प्रश्नों में से किन्हीं *2* प्रश्नों के उत्तर *30 – 50* शब्दों में दीजिए। *2×3=6*

**17.** ऑपरेशन थिएटर में योजना बनाना क्यों महत्त्वपूर्ण है ?

**18.** वृद्ध लोगों की त्वचा पर दिखाई देने वाले छह परिवर्तन बताइए।

**19.** सफलता पाने के लिए समय प्रबंधन हमारे जीवन में महत्त्वपूर्ण है। कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए।

## SECTION B

**(Subjective Type Questions)** **(30 Marks)**

*Answer any **3** out of the given **5** questions on Employability Skills. Answer each question in 20 – 30 words.* *3×2=6*

**7.** "Active listening is important to get success in life." Justify the statement.

**8.** How can a person become result oriented ? Explain any two points.

**9.** Give four benefits of green jobs.

**10.** Sequence the steps of inserting a picture in a presentation.

**11.** What does it take to become an entrepreneur ? State any two points briefly.

*Answer any **3** out of the given **5** questions in 20 – 30 words each.* *3×2=6*

**12.** Write down the role of Medical Superintendent in biomedical waste management ?

**13.** Write a short note about Medical Triage Team.

**14.** During medical documentation, what is the correct way to put a signature after every entry into patient's record ?

**15.** How can you use your time wisely while managing yourself ?

**16.** Write the four zones of OT complex.

*Answer any **2** out of the given **3** questions in 30 – 50 words each.* *2×3=6*

**17.** Why is planning important in Operation Theater ?

**18.** Mention six changes that can appear on the skin of elderly people.

**19.** Time Management is important in our life to get success. Justify the statement.

*दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** प्रश्नों के प्रत्येक के उत्तर 50 – 80 शब्दों में दीजिए।* *3×4=12*

**20.** ओटी कॉम्प्लेक्स के लिए आवश्यक विभिन्न उपकरण क्या हैं ?

**21.** ट्रांसफर और डिस्चार्ज नोट के बारे में एक संक्षिप्त नोट लिखिए और चिकित्सा दस्तावेजीकरण के एक भाग के रूप में इसके महत्त्व को समझाइए।

**22.** अस्पताल अपशिष्ट प्रबंधन समिति, अपशिष्ट प्रबंधन में कैसे महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है ?

**23.** जैव चिकित्सा (बायोमेडिकल) अपशिष्ट का परिवहन दो तरीकों से कैसे किया जा सकता है ?

**24.** बुजुर्गों में भोजन और तरल पदार्थ की जरूरतों के बारे में एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

*Answer any **3** out of the given **5** questions in 50 – 80 words each.* $3 \times 4 = 12$

**20.** What are the different equipments needed for OT complex ?

**21.** Write a short note about Transfer and Discharge Note and explain its importance as a part of medical documentation.

**22.** How can the Hospital Waste Management Committee play an important role in waste management ?

**23.** By which two ways can the transportation of bio-medical waste be done ?

**24.** Write a short note about food and fluid needs in the elderly.